No. of Printed Pages : 12 **BCOC–136**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## December, 2023

## BCOC–136 : INCOME TAX LAW AND PRACTICE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Attempt any **five** questions. All questions carry equal marks.*

1. (a) "The income of the previous year is taxed in the current year." Explain. 10

   (b) Distinguish between the following : 5+5

   (i) Gross Total Income and Total Income

   (ii) Previous year and Assessment year

2. (a) What do you understand by Casual Income ? How are they treated under the Income Tax Act ? 10

   (b) Write *ten* exempted incomes U/S 10 of Income Tax Act. 10

3. (a) After serving for 33 years and 9 months in Reliance Petrochemicals Ltd. Mr. A, who is covered by Payment of Gratuity Act, retires from service on 30th April, 2021. The company pays him a gratuity of ₹ 85,000. His monthly basic salary at the time of retirement was ₹ 4,500. You are required to determine the amount of exempted gratuity under Section 10 (10) of the Income Tax Act. 10

(b) Mr. Sanjeev Kant is manager in Roadways. He gets salary ₹ 25,000 p.m. Compute value of the perquisites of car under the following different circumstances : 10

(i) The employer has provided him a car of 1.6 ltr. capacity. Total expenses and driver's salary incurred by employer i.e. ₹ 18,000. Car is used for both private and official purpose.

(ii) The employer has provided him a 1.4 ltr. capacity car with driver only for private use. Expenses of car are ₹ 18,000. The cost of car is ₹ 5,00,000.

(iii) The employer has provided with a facility of bus (50 horse power) which carries him along with other employees from home to office and back from office to home.

4. (a) Discuss the provisions of Recognized Provident Fund in detail. 10

(b) State any *five* business losses which are not deductible from business income. 10

5. (a) Mohit sells his only residential house in Bangalore on 26th September, 2021 for ₹ 26,00,000 and incurs an expenditure of ₹ 30,000 in connection with the transfer. Cost of this house for Mohit in 1979 was ₹ 2,00,000 and on 1st April, 2001 the fair market value was ₹ 3,00,000. On 15th January, 2022, he purchased a residential flat in Bangalore for ₹ 4,00,000 and deposited ₹ 2,00,000 in Capital Gain Account Scheme. Calculate the capital gain chargeable to tax for assessment year

2022-23. The cost inflation index for 2001-02 was 100 and for 2021-22 it is 317. 15

(b) Explain the benefits of e-filing. 5

6. (a) Explain the following terms in the context of Income Tax Act : 5+5

(i) Capital Assets and cost of improvement

(ii) Partnership Deed

(b) Who can be a partner of a firm ? Distinguish between a working partner and a non-working partner. 10

7. Income of Shri Hemendra for the year ended 31st March, 2022 consists of the following : 20

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (a) | Business profit (after setting off ₹ 20,000 paid as donation to an educational institution and ₹ 7,000 as deposit in National Saving Certificate) | 50,000 |
| (b) | (20%) 1/5th share of profit from a registered firm (which has paid income tax) | 8,000 |

(c) Interest on government securities (gross) 10,000

(d) Dividend on shares of foreign company (gross) 5,000

Compute the total income of Shri Hemendra for the assessment year 2022-23.

8. Write short notes on any ***four*** of the following : 4×5=20

(a) Deduction U/S 80 G

(b) Best Judgement Assessment (U/S 144)

(c) Permanent Account Number

(d) Person

(e) Assessee in default

# BCOC–136

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## ( बी. डी. पो. )

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2023

## बी.सी.ओ.सी. –136 : आयकर विधान एवं व्यवहार

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

**नोट :** *किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं।*

---

1. (अ) "गत वर्ष की आय पर कर-निर्धारण वर्ष में कर लगाया जाता है।" व्याख्या कीजिए। 10

   (ब) निम्नलिखित में अंतर बताइए : 5+5

   (i) सकल कुल आय तथा कुल आय

   (ii) गत वर्ष तथा कर-निर्धारण वर्ष

2. (अ) आकस्मिक आय से क्या तात्पर्य है ? आयकर अधिनियम में आकस्मिक आय सम्बन्धी नियमों को बताइए। 10

(ब) आयकर अधिनियम की धारा 10 के अनुसार **दस** करमुक्त आयें लिखिए। 10

3. (अ) रिलायन्स पेट्रोकेमिकल लि. में 33 वर्ष 9 माह नौकरी करने के उपरान्त मि. A जो ग्रेच्युइटी भुगतान अधिनियम के अन्तर्गत आते हैं, उन्होंने 30 अप्रैल, 2021 को सेवा से अवकाश ग्रहण किया। कम्पनी ने उन्हें ₹ 85,000 ग्रेच्युइटी का भुगतान किया। उनका मासिक वेतन अवकाश ग्रहण करते समय ₹ 4,500 था। आयकर अधिनियम की धारा 10 (10) के अन्तर्गत आयकर से मुक्त ग्रेच्युइटी की राशि की गणना कीजिए। 10

(ब) श्री संजीव कांत रोडवेज में मैनेजर हैं। उन्हें वेतन ₹ 25,000 प्रति माह मिलता है। निम्नलिखित विभिन्न परिस्थितयों में कार के अनुलाभ के मूल्य की गणना कीजिए : 10

(i) नियोक्ता ने उसे 1.6 लीटर क्षमता की कार प्रदान की है। नियोक्ता द्वारा किए गए कुल खर्च और ड्राइवर का वेतन यानी ₹ 18,000। कार कार्यालय एवं निजी उपयोग के उद्दश्य से प्रदान की गई है।

(ii) नियोक्ता ने उसे केवल निजी उपयोग के लिए ड्राइवर के साथ 1.4 लीटर क्षमता की कार प्रदान की है। कार का खर्च ₹ 18,000 एवं कार की लागत ₹ 5,00,000 है।

(iii) नियोक्ता ने बस (50 हार्स पॉवर) की एक सुविधा प्रदान की है जो उसे घर से कार्यालय

तथा और कार्यालय से घर तक अन्य कर्मचारियों के साथ ले जाती है।

4. (अ) मान्यता प्राप्त भविष्य निधि के प्रावधानों की व्याख्या कीजिए। 10

(ब) किन्हीं **पाँच** व्यापारिक हानियों को बताइए जो कि व्यापारिक आय से कटौती योग्य नहीं हैं। 10

5. (अ) मोहित अपना बैंगलोर में रहने का मकान 26 सितम्बर, 2021 को ₹ 26,00,000 में बेच देता है तथा हस्तांतरण के सम्बन्ध में ₹ 30,000 व्यय करता है। मोहित के लिए इस मकान की लागत वर्ष 1979 में ₹ 2,00,000 थी तथा 1 अप्रैल, 2001 को इसका उचित बाजार मूल्य ₹ 3,00,000 था। 15 जनवरी, 2022 को उसने एक रिहायशी मकान बंगलौर में ₹ 4,00,000 का खरीदा एवं

₹ 2,00,000 पूँजी लाभ खाता योजना के अन्तर्गत जमा किए। कर-निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए उसके कर-योग्य पूँजी लाभ की गणना कीजिए। लागत-स्फीति सूचकांक 2001-02 के लिए 100 तथा 2021-22 के लिए 317 था। 15

(ब) आयकर की विवरणी इलेक्ट्रानिक रूप में दाखिल करने के लाभ का वर्णन कीजिए। 5

6. (अ) निम्नलिखित शब्दों की आयकर अधिनियम के प्रावधानों के आधार पर व्याख्या कीजिए : 5+5

(i) पूँजीगत सम्पत्तियाँ और सुधार करने की लागत

(ii) साझेदारी संलेख

(ब) फर्म का साझेदार कौन हो सकता है ? एक सक्रिय एवं निष्क्रिय साझेदार में अन्तर कीजिए। 10

7. 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए हेमेन्द्र की आय का विवरण इस प्रकार है : 20

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (a) | व्यापार के लाभ (शिक्षण संस्था को ₹ 20,000 दान की पूर्ति एवं राष्ट्रोय बचत पत्र में ₹ 7,000 का भुगतान करने के बाद) | 50,000 |
| (b) | पंजीकृत फर्म से 1/5 (20%) लाभ का हिस्सा (आयकर का भुगतान कर दिया गया है) | 8,000 |
| (c) | सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज (सकल) | 10,000 |
| (d) | विदेशी कम्पनी के अशों पर लाभांश (सकल) | 5,000 |

कर-निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए हेमेन्द्र की कुल आय की गणना कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ कीजिए। $4 \times 5 = 20$

(अ) धारा 80 G के अन्तर्गत कटौती

(ब) सर्वोत्तम निर्णय कर-निर्धारण (धारा 144)

(स) स्थायी खाता संख्या

(द) व्यक्ति

(य) त्रुटि के लिए माना गया निर्धारिती